धनबाद, सोमवार
17 अगस्त, 2026
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' से पोस्ट हटाने की वजह जान सकेंगे यूजर्स 17
बैडमिंटन का महाकुंभ आज से... सिंधू-लक्ष्य पर नजरें 16

## डीपीएस आसनसोल में राष्ट्रप्रेम का संदेश

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, देशभक्ति च गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फुटबालर एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं सुश्री अद्रिजा सरकार उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ विद्यार्थियों की शानदार परेड के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा छात्रों ने सलामी दे राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



डीपीएस आसनसोल में झंडे को सलामी देतीं प्रधानाचार्य विनीता श्रीवास्तव व विद्यार्थी • जागरण

विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गान एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समकालीन विषयों और समाज की गंभीर समस्याओं को प्रभावी ढंग से उजागर किया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सामाजिक जागरूकता के साथ राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या की ओर से सम्मानित किया गया। प्रसिद्धि शर्मा को पश्चिम बंगाल स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्रसिद्धि ने यूथ वूमेन और जूनियर वूमेन वर्ग में स्वर्ण तथा सब-जूनियर वूमेन और सीनियर वूमेन वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया।